# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 1720/ /प्रशा0/MSU/2025–26 दिनांक : 08-10-2025

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
अशासकीय सहायता प्राप्त/स्ववित्त पोषित महाविद्यालय

विषयः महाविद्यालय में संचालित कोर्सों की सूची, सीटो की संख्या, प्रवेशित छात्रों की संख्या, विश्वविद्यालय मान्यता विवरण इत्यादि के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), सहारनपुर के संलग्न पत्र संख्या–6704/एसटी, दिनांक 08 अक्टूबर, 2025 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा अनुभाग–1, लखनऊ के पत्र संख्या–1535/सत्तर–1–2025, दिनांक 08 सितम्बर, 2025 के क्रम में अशासकीय सहायता प्राप्त एवं स्ववित्त पोषित महाविद्यालय में संचालित कोर्सों की सूची, सीटो की संख्या, प्रवेशित छात्रों की संख्या, विश्वविद्यालय मान्यता विवरण इत्यादि की जांच कार्यवाही को पूर्ण कर संकलित रिपोर्ट उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गई है।

इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि संलग्न पत्र में उल्लिखित दिशा–निर्देश के क्रम में निर्धारित शपथ पत्र के प्रारूप पर सूचना भरकर अनिवार्यतः दिनांक 10.10.2025 तक अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), सहारनपुर कार्यालय में उपलब्ध कराते हुये सूचना की एक प्रतिलिपि विश्वविद्यालय कों भी प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

संलग्नक – यथोपरि।

भवदीय,
8-10-25
(कमल कृष्ण)
कुलसचिव

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति महोदया के सूचनार्थ।
02. प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा अनुभाग–1, लखनऊ
03. अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), सहारनपुर
04. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, सहारनपुर।

सहायक कुलसचिव

# कार्यालय जिलाधिकारी सहारनपुर

दिनांक 08, अक्टूबर, 2025

पत्रांक 6704 /एसटी

विषयः— प्रदेश के समस्त निजी विश्वविद्यालयों, निजी व अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों एवं उच्च शैक्षणिक संस्थानों में मान्यता एवं प्रवेश प्रकिया की सघन जांच के सम्बन्ध में।

प्राचार्य/सचिव/प्रबन्धक,
अशासकीय सहायता प्राप्त/स्ववित्त पोषित स्नातक/स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
जनपद सहारनपुर

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा अनुभाग-1, लखनऊ के पत्र संख्या-1535/सत्तर-1-2025 दिनांक 08 सितम्बर 2025 का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके अन्तर्गत प्रदेश के समस्त निजी विश्वविद्यालयों, निजी व अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों एवं उच्च शैक्षणिक संस्थानों में मान्यता एवं प्रवेश प्रकिया, अधिनियमों में एक विशेष जांच समिति का गठन करने के निर्देश निर्गत करते हुए सम्बन्धित संस्थान की जांच कार्यवाही को पूर्ण कर संकलित रिपोर्ट उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गई है।

उक्त के अनुपालन में आपसे अनुरोध है कि संलग्न प्रारूप के अनुसार आप इस आशय का शपथ पत्र उपलब्ध करायें कि संस्थान द्वारा केवल विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त कोर्स ही संचालित किये जा रहे हैं, जिसमें संचालित सभी कोर्सो की सूची, सीटो की संख्या, प्रवेशित छात्रा संख्या, विश्वविद्यालय मान्यता विवरण तथा साथ ही विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और अन्य सम्बन्धित सांविधिक/नियामक संस्था की मान्यता का विवरण अंकित हो। सम्बनिधत समस्त प्रमाण पत्रों की प्रतिलिपियां भी संलग्न की करना भी सुनिश्चित करें।

उपर्युक्त वर्णित वांछित सूचना/शपथ पत्र अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में दिनांक 10.10.2025 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नक—उपर्युक्तानुसार।

08/10/25

(संतोष बहादुर सिंह)
अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)
सहारनपुर

प्रतिलिपिः— 1. कुलसचिव महोदय, मॉ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ-सहारनपुर मंडल को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)
सहारनपुर

# शपथ पत्र का प्रारूप

शपथ पत्र ओर से –

मैं शपथकर्ता/अध्यक्ष/सचिव/प्रबन्धक सशपथ निम्नलिखित बयान करता/करती हूँ :–

01)– यह कि मुझ शपथकर्ता का उपरोक्त लिखित नाम, पदनाम, पता व मोबाईल नं0 सब सच व् सही है।

02)– यह कि शपथकर्ता के महाविद्यालय में निम्नलिखित विवरण/कोर्स के अतिरिक्त महाविद्यालय में कोई भी अन्य कोर्स संचालित नही किये जा रहे है।

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | महाविद्यालय की कटेगरी अशासकीय/ स्ववित्त पोषित | महा विद्यालय का नाम | महा विद्यालय का कोड़ सं0 | महाविद्यालय में संचालित कोर्स का नाम | संचालित कोर्स किस संस्था द्वारा मान्यता प्राप्त है। | सम्बन्धित कोर्स में प्रवेशित/ अध्ययनरत कुल छात्रों की संख्या | कोर्स के सम्बद्धता का आदेश संख्या व दिनांक (सम्बद्धता पत्र संलग्न करें) | सम्बद्धता की प्रकृति (स्थायी/ अस्थायी) | सांविधिक संस्था द्वारा प्रदत्त मान्यता प्रमाण पत्र/ LOA विवरण (यदि संचालित कोर्स पर लागू हो) | अन्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| | | | | | | | | | | | |

03)– यह कि जांच/निरीक्षण के समय उपर्युक्त बिन्दु संख्या–02 के अनुसार कोर्स से इतर अन्य कोर्स संचालित अथवा उपर्युक्त वर्णित सूचना के इतर अन्य कोई गलत/भ्रामक सूचना पाये जाने की स्थिति में समस्त उत्तरदायित्व मुझ शपथकर्ता का होगा।

मैं शपथपूर्वक ब्यान करता/करती हूँ कि शपथ पत्र के पैरा संख्या 01 से 03 तक अंकित सूचना सब सच व सही है, इसमें कोई तथ्य छिपाया नही गया है।

दिनांक –

शपथकर्ता

शपथकर्ता